आशुलिपिक ग्रेड 'सी' एंव 'डी' परीक्षा-2018 द्वारा आशुलिपिक ग्रेड-II के पद के लिए चयनित उम्मीदवारों के लिए सूचना

कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आशुलिपिक ग्रेड 'सी' एंव 'डी' परीक्षा-2018 का परिणाम दिनांक 28 नवंबर 2020 को घोषित किया गया है। आशुलिपिक ग्रेड 'सी' एंव 'डी' परीक्षा-2018 के द्वारा कुल 50 अभ्यर्थियों को आशुलिपिक ग्रेड-II के पद पर नियुक्ति हेतु भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग में मनोनीत किया गया।

2. आशुलिपिक ग्रेड-II के पद के लिए मनोनीत अभ्यर्थियों को नियुक्ति का प्रारम्भिक राज्य का आबंटन कंप्यूटर आधारित प्रणाली के तहत किया जायेगा। तदनुसार, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की वेबसाइट (www.cag.gov.in) को देखें, log into the URL http://cag.delhi.nic.in/statechoice और अपने व्यकितगत सूचना, राज्य प्राथमिकता और सत्यापन फॉर्म की विस्तृत जानकारी भरें। ऑनलाइन प्रक्रिया 21 दिसंबर 2020 से प्रारम्भ होगी तथा 18 जनवरी 2021 तक जारी रहेगी |

4. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन सूचना भरने से पहले सम्बंधित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढें। विस्तृत जानकारी भरने के पश्चात अपने व्यक्तिगत सूचना (एक प्रति), राज्य प्राथमिकता (एक प्रति) और सत्यापन फॉर्म (दो प्रति) का प्रिंट ले लें। इसकी मूल प्रति पर अपने हस्ताक्षर करके इस कार्यालय को दिनांक 02 फरवरी 2021 तक प्राप्त होना सुनिश्चित करें |

5. लिफाफा के बाएं तरफ ऊपर परीक्षा का नाम अर्थात आशुलिपिक ग्रेड 'सी' एंव 'डी' परीक्षा-2018 और पदनाम अर्थात आशुलिपिक ग्रेड-II अंकित होना चाहिए। अपने हस्ताक्षरित व्यक्तिगत सूचना, राज्य प्राथमिकता और सत्यापन फॉर्म को स्पीड पोस्ट से निम्न पते भेजें।

श्री वी एस वेंकटानाथन

सहायक नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (अराज.)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,

9, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग,

नई दिल्ली-10124